डाक पंजीयन क्र./छ.ग./रायपुर संभाग/14/2024-2026
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या CHHHIN/2002/09534

# रोजगार और नियोजन

वर्ष-23, अंक-01, रायपुर (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित
23 जुलाई 2025 बुधवार, पृष्ठ संख्या 24, निःशुल्क

# स्वच्छ सर्वेक्षण में सात शहरों को राष्ट्रीय पुरस्कार

स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 4 श्रेणियों में कुल 78 पुरस्कार प्रदान किया गया, इसके मूल्यांकन में 14 करोड़ लोगों ने भाग लिया। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने छत्तीसगढ़ के सात नगरीय निकायों को स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 का राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया।

भारत सरकार द्वारा हर साल किए जाने वाले स्वच्छ सर्वेक्षण के माध्यम से देश के कस्बों, शहरों और गांवों में स्वच्छता की स्थिति का मूल्यांकन किया जाता है। शहरी स्वच्छ सर्वेक्षण की शुरुआत जनवरी 2016 में की गई थी, जिसमें 10 लाख से अधिक आबादी वाले 53 शहरों सहित कुल 73 शहर शामिल थे। इसमें सेवा स्तर, स्वतंत्र निरीक्षण और नागरिक प्रतिक्रिया के आधार पर आकलन किया जाता है। वहीं ग्रामीण स्वच्छ सर्वेक्षण मई 2016 में शुरू हुआ, जिसमें 22 पहाड़ी और 53 मैदानी जिलों को शामिल कर स्वच्छ जल, शौचालय की सुलभता, कचरा प्रबंधन और व्यवहार परिवर्तन जैसे मापदंडों पर मूल्यांकन किया गया। सरकार का उद्देश्य स्वच्छता के प्रति नागरिकों में जागरूकता बढ़ाना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के माध्यम से स्वच्छ भारत मिशन को गति देना है।



## सफाई में छत्तीसगढ़ के सात शहरों को मिला पुरस्कार


रायपुर की बड़ी छलांग, 11 से 4 नंबर पर आया,
मझोले शहरों में बिलासपुर दूसरा; सुपर स्वच्छ लीग में इंदौर 8वीं बार टॉप पर

**सुपर स्वच्छता लीग में तीन शहरों का चयन**

- अंबिकापुर नगर निगम
(50 हजार से तीन लाख जनसंख्या)
- पाटन नगर पंचायत
(20 हजार से कम जनसंख्या)
- बिश्रामपुर नगर पंचायत
(20 हजार से कम जनसंख्या)

**प्रेसिडेंट्स अवार्ड से सम्मानित तीन नगरीय निकाय**

- बिलासपुर नगर निगम
(बड़े शहरों की श्रेणी) 3 से 10 लाख आबादी
- कुम्हारी नगर पालिका
(मध्यम शहरों की श्रेणी) 20 से 50 हजार आबादी
- बिल्हा नगर पंचायत
(छोटे शहरों की श्रेणी) 20 हजार से कम आबादी



**रायपुर को मिला मिनिस्ट्रियल अवार्ड**

रायपुर नगर निगम को स्वच्छता के क्षेत्र में नवाचार और क्रियान्वयन के लिए केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा मिनिस्ट्रियल अवार्ड से सम्मानित किया गया है।

**स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 पुरस्कार: टॉप 3 शहर**

| अहमदाबाद | भोपाल | लखनऊ |
|---|---|---|
| देश का सबसे स्वच्छ शहर घोषित | पिछले साल 5वें स्थान से अब दूसरे स्थान पर | 44वें स्थान से सीधे तीसरे स्थान पर पहुँचा |

### स्वच्छ सर्वेक्षण की शुरुआत

स्वच्छ सर्वेक्षण (Swachh Survekshan) भारत सरकार के आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय (Ministry of Housing and Urban Affairs – MoHUA) द्वारा वर्ष 2016 से प्रारंभ किया गया था। इसकी शुरुआत 73 शहरी स्थानीय निकायों से हुई थी, जो अब बढ़कर 4,500 से अधिक शहरों तक पहुँच चुकी है। 2024–25 का सर्वेक्षण "रिड्यूस, रीयूज, रीसाइकल (3R)" थीम पर केंद्रित है। इसमें 3,000 से अधिक मूल्यांकनकर्ताओं ने 45 दिनों तक देश भर के प्रत्येक वार्ड में गहन निरीक्षण किया।

### राष्ट्रीय स्तर पर गर्व की बात

"छत्तीसगढ़ के सात नगरीय निकायों का राष्ट्रीय स्तर पर चयन होना पूरे प्रदेश के लिए गर्व की बात है। यह हमारी स्वच्छता नीति, नागरिकों की सहभागिता और स्थानीय निकायों के समर्पण का प्रतिफल है।"



**श्री विष्णु देव साय**
मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़

**बस्तर में बदलाव**

## 45 नक्सलियों का आत्मसमर्पण

सुकमा में 1.18 करोड़ रुपए के इनामी 23 नक्सलियों सहित 24 घंटे में कुल 45 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर लोकतांत्रिक व्यवस्था में विश्वास जताया। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने इसे विकास की जीत बताया और कहा कि 'बंदूक की गोली नहीं, अब विकास की बोली गूंज रही है।' बीते 15 महीनों में 1521 नक्सलियों ने हिंसा का मार्ग त्यागा है। यह सफलता राज्य की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति और केंद्र सरकार के सुशासन की दिशा में ठोस प्रयासों का परिणाम है।

**इंटरनेशनल स्प्रिंट मीट**

## अनिमेष कुजूर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड

ग्रीस के एथेंस में आयोजित ड्रोमिया इंटरनेशनल स्प्रिंट मीट में छत्तीसगढ़ के धावक अनिमेष कुजूर ने 100 मीटर दौड़ मात्र 10.18 सेकेंड में पूरी कर नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने बधाई देते हुए कहा कि यह छत्तीसगढ़ और देश के लिए गर्व का क्षण है। इससे पहले अनिमेष ने दक्षिण कोरिया में 200 मीटर दौड़ का रिकॉर्ड भी अपने नाम किया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि अनिमेष की उपलब्धि युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

**बायपास मार्ग**

## पुनर्निर्माण हेतु ₹63.13 करोड़ का

कोनी-मोपका बायपास मार्ग (13.40 कि.मी.) के नवीनीकरण हेतु 6313.03 लाख रुपए का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। वर्ष 2010–2016 के बीच बने इस मार्ग पर अत्यधिक ट्रैफिक दबाव और जलभराव से क्रस्ट और सब-ग्रेड क्षतिग्रस्त हो गए हैं। औद्योगिक इकाइयों व भारी वाहनों की आवाजाही से मार्ग की स्थिति खराब हो चुकी है। पूर्व में 2191.93 लाख रुपए की लागत से बना यह मार्ग अब फोरलेन में परिवर्तित किया जाएगा।

# छत्तीसगढ़ विधानसभा में उत्कृष्ट विधायकों और पत्रकारों का अलंकरण समारोह संपन्न

छत्तीसगढ़ विधानसभा परिसर में "उत्कृष्टता अलंकरण समारोह" भव्य और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। छठवीं विधानसभा के लिए निर्वाचित विधायकों के प्रबोधन कार्यक्रम पर केन्द्रित पुस्तिका का विमोचन किया गया। समारोह में राज्यपाल श्री रमेन डेका मुख्य अतिथि, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह अध्यक्ष और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय तथा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए।




**उत्कृष्ट विधायक सम्मान**

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा -"विधानसभा लोकतंत्र का मंदिर है। यहां जनहित के मुद्दों को उठाना विधायकों का धर्म है। मीडिया इस धर्म की निगरानी करने वाला सजग प्रहरी है।"

### उत्कृष्ट विधायक सम्मान

वर्ष 2024 के लिए श्रीमती भावना बोहरा और श्री लखेश्वर बघेल को उत्कृष्ट विधायक के रूप में सम्मानित किया गया।

### संसदीय रिपोर्टिंग के लिए पुरस्कार

डॉ. राकेश कुमार पाण्डेय (दैनिक भास्कर), श्री योगेश मिश्रा (सुदर्शन न्यूज) और श्री विश्वप्रकाश पुरेना (कैमरामेन) को उत्कृष्ट संसदीय रिपोर्टिंग के लिए सम्मानित किया गया।

**जूडो चैंपियनशिप**

## रंजीता ने रचा स्वर्णिम इतिहास

कोण्डागांव की रंजीता कोरेटी ने ताईवान में आयोजित एशियन कैडेट जूडो चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर छत्तीसगढ़ और देश का नाम रोशन किया। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए इसे राज्य के लिए गौरव का क्षण बताया। उसने राष्ट्रीय स्तर पर कई पदक जीते और अब अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी सफलता प्राप्त की।



**श्री रामलला दर्शन योजना**

सांस्कृतिक चेतना को मिली नई उड़ान, रायपुर से रवाना हुई विशेष तीर्थ ट्रेन

# 22,000 से अधिक श्रद्धालुओं ने किए अयोध्या दर्शन

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल पर प्रारंभ हुई 'श्री रामलला दर्शन योजना' के अंतर्गत अब तक 22,000 से अधिक श्रद्धालु प्रभु श्रीराम के जन्मस्थान अयोध्या धाम के दर्शन कर चुके हैं। सरकार द्वारा मार्च 2024 तक 20,000 श्रद्धालुओं को भेजने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जो अब पार हो चुका है। वित्तीय वर्ष 2025-26 की पहली तीर्थ ट्रेन रायपुर रेलवे स्टेशन से रवाना हुई। इस ट्रेन में रायपुर संभाग के 850 श्रद्धालु प्रभु श्रीराम के दर्शन हेतु रवाना हुए।



**शुभारंभ**
5 मार्च 2024
**वर्ष 2025-26 का बजट**
₹36 करोड़
**अब तक रवाना ट्रेनें**
27 विशेष ट्रेनें
**यात्रियों की संख्या**
22,000+ श्रद्धालु
**दर्शन स्थल**
अयोध्या धाम +काशी विश्वनाथ

**जनता को समर्पित**

## छत्तीसगढ़ अंजोर विजन @2047

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने "छत्तीसगढ़ अंजोर विजन @2047" जनता को समर्पित करते हुए कहा कि यह दस्तावेज आत्मनिर्भर, समृद्ध और विकसित राज्य के निर्माण का संकल्प है। 13 क्षेत्रों में 10 मिशनों के माध्यम से संतुलित विकास होगा। जीडीपी को 75 लाख करोड़ और किसानों की आय को 10 गुना बढ़ाने का लक्ष्य है। स्वास्थ्य, शिक्षा, लॉजिस्टिक्स, आईटी और पर्यटन में नवाचारों के साथ रोजगार व निवेश बढ़ाने की कार्ययोजना तैयार है। जनता की भागीदारी से यह सपना साकार होगा। भारत@2047 के संकल्प से प्रेरित है।

## पिक ऑफ द वीक

चित्रकोट जलप्रपात



छत्तीसगढ़ राज्य के बस्तर जिले में इन्द्रावती नदी पर स्थित एक सुंदर जलप्रपात है। 90 फीट ऊँचाई वाले यह जलप्रपात वर्षा के दिनों में यह रक्त लालिमा लिए हुए होता है, तो गर्मियों की चाँदनी रात में यह बिल्कुल सफ़ेद दिखाई देता है। 'भारतीय नियाग्रा' के नाम से प्रसिद्ध चित्रकोट प्रपात वैसे तो प्रत्येक मौसम में दर्शनीय है, परंतु वर्षा ऋतु में इसे देखना अधिक रोमांचकारी अनुभव होता है।

## जॉब अलर्ट

**आरआरबी**
पदः टेक्नीशियन
पद संख्याः 6180
अंतिम तिथिः 28 जुलाई
rrapply.gov.in

**सीजी अग्निशमन विभाग**
पदः ड्राइवर सहित अन्य
पद संख्याः 295
अंतिम तिथिः 31 जुलाई
ceghged.gov.in

**गुवाहाटी हाईकोर्ट**
पदः जू. एडमिनिस्ट्रेटिव असि.
पद संख्याः 367
अंतिम तिथिः 31 जुलाई
www.sghconline.gov.in

**जामिया मिलिया**
पदः नॉन टीचिंग
पद संख्याः 143
अंतिम तिथिः 31 जुलाई
http://jmi.ac.in/

**रीट्स**
पदः डिप्टी जनरल मैनेजर
पद संख्याः 18
अंतिम तिथिः 31 जुलाई
http://www.rites.com/

**यूपीएससीबी**
पदः असिस्टेंट इंजीनियर
पद संख्याः 57
अंतिम तिथिः 7 अगस्त
Bridgecorpor tionltd.com/

**मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग**
पदः खाद्य सुरक्षा अधिकारी
पद संख्याः 67
अंतिम तिथिः 10 अगस्त
mppsc.mp.gov.in

### छत्तीसगढ़ राज्य में "प्रथम"

**राज्यपाल**
दिनेश नंदन सहाय
(1/11/2000 से 1/06/2003)

**महिला राज्यपाल**
आनंदीबेन पटेल
(15/08/2018 से 28/07/2019)

**मुख्यमंत्री**
अजीत प्रमोद कुमार जोगी
(1/11/2000 से 7/12/2003)

**विधानसभा अध्यक्ष**
राजेन्द्र प्रसाद शुक्ल
(14/12/2000 से 19/12/2003)

**प्रतिपक्ष**
नंद कुमार साय
(14/12/2000 से 5/12/2003)

**संसदीय कार्य मंत्री**
रविन्द्र चौबे
(14/12/2000 से 5/12/2003)

**सचिव**
टी.पी.शर्मा
(01/11/2000 से 31/01/2001)

स्रोत : https://cgvidhansabha.gov.in/

# छत्तीसगढ़ ने शिक्षा के क्षेत्र में रचा नया इतिहास स्थानीय भाषाओं में शिक्षा बन रही आमजन की ताकत

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का प्रेरणादायक संदेश, शिक्षा ही सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने राजधानी रायपुर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित पीएसवाय उत्कृष्टता सम्मान समारोह में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और उत्कृष्ट शैक्षणिक संस्थानों को सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा केवल रोजगार का साधन नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण की सबसे मजबूत नींव है। उन्होंने कहा, "शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है और किसी भी क्षेत्र में सफलता का मूल आधार शिक्षा ही है।" मुख्यमंत्री श्री साय ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ अब शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर है।

### 15 से अधिक मेडिकल कॉलेज

राज्य में अब शिक्षा के अवसर पहले की तुलना में कहीं अधिक सुलभ हो गए हैं। जहां एक समय छत्तीसगढ़ में केवल एक मेडिकल कॉलेज था, वहीं आज राज्य में 15 से अधिक मेडिकल कॉलेज संचालित हो रहे हैं। साथ ही, IIT, IIM, NIT और AIIMS जैसे शीर्ष राष्ट्रीय संस्थान भी राज्य में सक्रिय हैं। गांव-गांव में स्कूल और महाविद्यालयों की स्थापना कर छात्रों को उनके घर के पास गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का कार्य लगातार जारी है।



### नई शिक्षा नीति से बदली तस्वीर

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि वर्ष 2020 में लागू की गई नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने शिक्षा क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाए हैं। अब प्रदेश में छात्रों को उनकी स्थानीय भाषाओं में शिक्षा दी जा रही है। बस्तर जैसे दूरस्थ आदिवासी अंचलों में स्थानीय बोली में पढ़ाई शुरू हो चुकी है। साथ ही, मेडिकल कॉलेज की पढ़ाई भी अब हिंदी में हो रही है।

### छात्रों को मिली प्रेरणा की नई ऊर्जा

छत्तीसगढ़ रजत जयंती वर्ष में प्रवेश कर चुका है और यह समय हमारे युवाओं के लिए आत्मविश्लेषण और आत्मविकास का है। उन्होंने अपने जीवन की स्मृति साझा करते हुए बताया कि उन्हें पांचवीं कक्षा की परीक्षा देने के लिए दूसरे गांव जाना पड़ा था क्योंकि उनके गांव में परीक्षा केंद्र नहीं था।

### संस्था दे रही प्रतिभाओं को मंच

कार्यक्रम में उपस्थित विधायक श्री धरमलाल कौशिक ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से न केवल विद्यार्थियों को प्रोत्साहन मिलता है, बल्कि विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाओं को एक साझा मंच भी प्राप्त होता है। नई शिक्षा नीति के माध्यम से छात्रों को बहुभाषी और बहुविध कौशलों से युक्त बनाया जा रहा है।

### कलाकारों और शिक्षाविदों को सम्मान

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कलाकारों को भी सम्मानित किया गया।

**रोजगार और नियोजन**
प्रधान संपादक
डॉ. रवि मित्तल
संपादक
जवाहर लाल दरियो
सहायक संपादक
गीतांजलि नेताम
संपादकीय
संदीप सिन्हा
ग्राफिक डिजाइन-इलेस्ट्रेशन
धनेश कुमार दिवाकर
डाटा एंट्री आपरेटर
अंजुरानी, राकेश साहू
वितरण व्यवस्था
विक्रांत ताम्रकार
- कार्यालय पता -
छत्तीसगढ़ संवाद
(छत्तीसगढ़ शासन जनसंपर्क विभाग का उपक्रम)
नार्थ ब्लॉक, सेक्टर 19,
अटल नगर, नवा रायपुर (छत्तीसगढ़)
फोन-0771-2512582, 2512583
ईमेल पता
rojgaraurniyojan@gmail.com
रोजगार और नियोजन निःशुल्क है।

रोजगार और नियोजन में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने है। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। रोजगार और नियोजन में प्रकाशित होने वाले लेखों के लिए लेखकों को नियमानुसार मानदेय प्रदान किए जाने की व्यवस्था है। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र रायपुर रहेगा।

### रेलवे में अप्रेंटिस के 374 पदों पर भर्ती, 5 अगस्त तक करें आवेदन

भारतीय रेलवे के बनारस लोकोमोटिव वर्क्स में अप्रेंटिस के 374 पदों पर भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की गई है। इनमें आईटीआई श्रेणी के 300 और गैर-आईटीआई श्रेणी के 74 पद शामिल हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 5 अगस्त 2025 है। आईटीआई श्रेणी के लिए अभ्यर्थियों को 10वीं कक्षा उत्तीर्ण होने के साथ संबंधित ट्रेड में आईटीआई प्रमाणपत्र अनिवार्य है, जबकि गैर-आईटीआई श्रेणी के लिए 10वीं में न्यूनतम 50% अंक प्राप्त करना आवश्यक है। इच्छुक उम्मीदवार apprenticeblw.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

### CCRAS में 394 पदों पर भर्ती 1 अगस्त से शुरू होंगे आवेदन

सेंट्रल काउंसिल फॉर रिसर्च इन आयुर्वेदिक साइंस (CCRAS) ने एलडीसी, स्टेनोग्राफर सहित विभिन्न श्रेणियों के कुल 394 पदों पर भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की है। आवेदन प्रक्रिया 1 अगस्त 2025 से शुरू होकर 31 अगस्त 2025 तक चलेगी। शैक्षणिक योग्यता पदानुसार 10वीं, 12वीं, स्नातक अथवा स्नातकोत्तर निर्धारित की गई है। कुछ पदों के लिए कार्यानुभव भी आवश्यक होगा। आयु सीमा 18 से 40 वर्ष के बीच निर्धारित है। अभ्यर्थी CCRAS की आधिकारिक वेबसाइट www.ccras.nic.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### रेलवे में तकनीशियन के 6180 पदों पर भर्ती, आवेदन 28 जुलाई तक

रेलवे भर्ती बोर्ड (RRB) ने तकनीशियन के कुल 6180 पदों पर भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की है। इच्छुक अभ्यर्थी 28 जुलाई 2025 तक आवेदन कर सकते हैं। शैक्षणिक योग्यताः ग्रेड-1 पदों के लिए अभ्यर्थियों के पास बीएससी, डिप्लोमा, अथवा इंजीनियरिंग डिग्री होनी चाहिए। ग्रेड-3 पदों के लिए न्यूनतम योग्यता 10वीं पास के साथ संबंधित ट्रेड में आईटीआई या अप्रेंटिस प्रशिक्षण निर्धारित है। आवेदन प्रक्रियाः आवेदन रेलवे भर्ती बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट rrbapply.gov.in के माध्यम से किया जा सकता है।

### एमपी में प्राइमरी टीचर के 10,150 पदों पर भर्ती

मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मंडल (ESB) ने जनजातीय कार्य विभाग के अंतर्गत प्राइमरी टीचर के 10,150 पदों पर भर्ती हेतु अधिसूचना जारी की है। आवेदन प्रक्रिया 1 अगस्त 2025 तक आधिकारिक वेबसाइट esb.mp.gov.in पर संचालित की जाएगी। इस भर्ती में डीएलएड या बीएलएड धारक उम्मीदवार पात्र हैं। बीएड धारक उम्मीदवार इस भर्ती प्रक्रिया में पात्र नहीं माने जाएंगे। भर्ती परीक्षा का आयोजन 31 अगस्त 2025 से दो पालियों में किया जाएगा। विस्तृत जानकारी के लिए अभ्यर्थी आधिकारिक वेबसाइट esb.mp.gov.in अवश्य देखें जा सकते है।

# छत्तीसगढ़

## Axiom-4 मिशन, शुभांशु शुक्ला ने रचा इतिहास



मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने Axiom-4 मिशन की सफलता और अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षित वापसी पर ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को बधाई दी। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन तक पहुंचने वाले पहले भारतीय के रूप में शुभांशु की यह उपलब्धि आत्मनिर्भर भारत की वैज्ञानिक प्रगति का प्रतीक है। यह क्षण पूरे देश के लिए गर्व का विषय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शुभांशु शुक्ला की यह ऐतिहासिक उड़ान भारत के युवाओं के सपनों को नई ऊंचाई देगी और अंतरिक्ष विज्ञान में हमारे भविष्य को सशक्त बनाएगी।

## स्वास्थ्य सेवाओं में ऐतिहासिक विस्तार 151 नए वाहन रवाना

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने 151 नए स्वास्थ्य वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह पहल राज्य के दूरस्थ अंचलों तक सुलभ चिकित्सा सुविधा पहुंचाने की दिशा में बड़ा कदम है। बस्तर और सरगुजा के 12 जिलों में पहले चरण में वाहन भेजे गए हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि जल्द ही प्रदेश को 851 नई एंबुलेंस मिलेंगी। 'जन मन योजना' के अंतर्गत विशेष पिछड़ी जनजातियों के लिए 30 एंबुलेंस की व्यवस्था की जाएगी।

## टीटीएफ कोलकाता में छत्तीसगढ़ पर्यटन की प्रभावशाली भागीदारी

कोलकाता में आयोजित ट्रैवल एंड टूरिज्म फेयर (टीटीएफ) में छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड ने अपनी सांस्कृतिक विरासत और प्राकृतिक सौंदर्य के साथ शानदार उपस्थिति दर्ज कराई। टूरिज्म बोर्ड के अध्यक्ष श्री नीलू शर्मा और प्रबंध संचालक श्री विवेक आचार्य ने छत्तीसगढ़ के पर्यटन स्थलों और योजनाओं की जानकारी दी। पश्चिम बंगाल के टूर ऑपरेटर्स से राज्य को अपने पैकेज में शामिल करने का आग्रह किया गया। छत्तीसगढ़ को 'अनदेखा भारत' बताते हुए स्थायी सूचना केंद्र की स्थापना की जानकारी भी दी गई।

## इको टूरिज्म की अवधारणा से संचालित होगा सिद्धखोल जलप्रपात

जिला मुख्यालय बलौदाबाजार से करीब 40 किमी की दूरी पर स्थित प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण सिद्धखोल जलप्रपात को इको टूरिज्म के रूप में विकसित करने पहल की गई है। वनमण्डलाधिकारी गणवीर धम्मशील ने सौंदर्य से भरपूर इस जलप्रपात का निरीक्षण कर परिक्षेत्र अधिकारी सोनाखान को कार्य योजना बनाने के लिए निर्देशित किया है। वनमंडल अधिकारी बताया कि सिद्धखोल जलप्रपात में पर्यटकों की सुरक्षा, सुविधाएं विकसित करने वन विभाग एवं वन प्रबंधन समिति कुकरिकोना द्वारा नए नए प्रयास किए जा रहे है।

## सीएम आईटी फेलोशिप के तहत एआई और डेटा साइंस में कर सकेंगे एमटेक

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और डेटा साइंस की पढ़ाई के लिए छत्तीसगढ़ सरकार हर महीने 50 हजार रुपये की सहायता देगी। ट्रिपल आईटी में इस शैक्षणिक सत्र से एआई एंड डेटा साइंस (डीएसएमआई) में एमटेक प्रोग्राम शुरू किया जा रहा है। यह विशेष कार्यक्रम मुख्यमंत्री आईटी फेलोशिप योजना के अंतर्गत संचालित होगा। इसमें चयनित युवाओं की ट्यूशन फीस राज्य सरकार वहन करेगी। इसके साथ ही प्रति माह 50 हजार रुपये का स्टाइपेंड भी प्रदान किया जाएगा। इस कोर्स में केवल छत्तीसगढ़ के युवा ही भाग ले सकेंगे।

## छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल की OTS-2 योजना को मिली ऐतिहासिक सफलता

आवास एवं पर्यावरण मंत्री श्री ओ. पी. चौधरी ने विधानसभा में बताया कि गृह निर्माण मंडल की वन टाइम सेटलमेंट योजना (OTS-2) से 920 संपत्तियों के विक्रय से 139.47 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। योजना के तहत संपत्तियों पर 10% से 30% तक की छूट दी गई थी। मंडल अब पूर्णतः ऋणमुक्त हो गया है। मंत्री ने कहा कि भविष्य में 60% प्री-बुकिंग होने पर ही नई योजनाओं की शुरुआत होगी। मंडल कॉरपोरेट मॉडल के तहत आमजन को किफायती व गुणवत्तापूर्ण आवास उपलब्ध कराएगा।

## आठ घंटे पहले तैयार होगा ट्रेनों का चार्ट रायपुर में 14 जुलाई से लागू

यात्रियों की सुविधा को देखते हुए रेलवे ने ट्रेनों का आरक्षण चार्ट अब प्रस्थान से 8 घंटे पहले जारी करने का निर्णय लिया है। यह नई व्यवस्था रायपुर मंडल में 14 जुलाई से लागू हो गई है। सुबह 5 से दोपहर 2 बजे तक छूटने वाली ट्रेनों का चार्ट एक दिन पहले रात 9 बजे तक तैयार होगा। अन्य ट्रेनों का चार्ट भी रवाना होने से 8 घंटे पूर्व जारी किया जाएगा। ई-क्यू आरक्षण आवेदन एक दिन पहले देना अनिवार्य होगा।

## मलेरिया पर निर्णायक वार, 61.8% बिना लक्षण मरीजों की समय पर पहचान

छत्तीसगढ़ सरकार के मलेरिया मुक्त अभियान के 12वें चरण में 1.39 लाख से अधिक लोगों की जांच की गई, जिनमें 1884 मलेरिया पॉजिटिव केस मिले। इनमें 61.8% मरीज बिना लक्षण के थे। दंतेवाड़ा और सुकमा जैसे दूरस्थ जिलों में भी प्रभावी स्क्रीनिंग और इलाज से संक्रमण की श्रृंखला तोड़ी गई। मुख्यमंत्री ने इसे निर्णायक सफलता बताया। घर-घर स्क्रीनिंग, मच्छरदानी वितरण और जागरूकता अभियानों से यह मॉडल जनस्वास्थ्य की दिशा में मिसाल बनता जा रहा है।

## बस्तर का हर गांव बनेगा 'आपका अच्छा गांव': मुख्यमंत्री श्री साय



मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने विधानसभा परिसर में बीजापुर जिले से आए युवाओं से आत्मीय मुलाकात की। स्वामी विवेकानंद युवा प्रोत्साहन योजना के तहत राजधानी भ्रमण पर आए 100 युवाओं से मुख्यमंत्री ने संवाद किया और उनके अनुभव सुने। युवाओं ने बताया कि गांवों में सड़क, बिजली, आंगनबाड़ी की सुविधाएं बढ़ी हैं। एक युवा पंच की कहानी सुनकर मुख्यमंत्री ने उनका हौसला बढ़ाया।

## छत्तीसगढ़ में गैस नेटवर्क को मिलेगी रफ्तार

उद्योग मंत्री श्री लखन लाल देवांगन ने केंद्रीय मंत्री श्री हरदीप सिंह पूरी से मुलाकात कर नागपुर-झारसुगुड़ा नेचुरल गैस पाइपलाइन कार्य शीघ्र पूर्ण कराने का आग्रह किया। 692 किमी में से 690 किमी कार्य पूर्ण हो चुका है। इससे रायपुर, बिलासपुर, कोरबा, भिलाई जैसे शहरों को सिटी गैस नेटवर्क से जोड़ा जाएगा।

स्रोत : https://dprcg.gov.in/

# राष्ट्रीय

## सचदेवा मप्र हाई कोर्ट के नए मुख्य न्यायाधीश



जस्टिस संजीव सचदेवा को मध्यप्रदेश हाई कोर्ट का मुख्य न्यायाधीश बनाया गया है। वे अब तक वहां कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश थे। दिल्ली हाई कोर्ट के जज जस्टिस विभु बखरू को कर्नाटक हाई कोर्ट का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। वहीं, पटना हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश जस्टिस अशुतोष कुमार को अब गुवाहाटी हाईकोर्ट का मुख्य न्यायाधीश बनाया गया है।

## मराठा काल के 12 किले वर्ल्ड हेरिटेज साइट में शामिल

मराठा काल के 12 किलों को यूनेस्को की वर्ल्ड हेरिटेज साइट में शामिल किया गया है। इनमें महाराष्ट्र के 11 किले हैं। वहीं, तमिलनाडु का एक जिंजी किला भी सूची का हिस्सा है। सभी किले 17वीं से 19वीं सदी के बीच बने थे। महाराष्ट्र के 11 किलों में सिंधु और शिवनेरी जैसी किले शामिल हैं। रायगढ़ दुर्ग जहां छत्रपति शिवाजी का राजतिलक हुआ था, भी इस सूची में है। इसके अलावा सालहेर, लोहगढ़, खंडेरी, राजगढ़, प्रतापगढ़, सुवर्णदुर्ग, पन्हाला, विजय दुर्ग किले शामिल हैं। पेरिस में यूनेस्को की 47वीं बैठक में इस लिस्ट का ऐलान किया गया। अब भारत की कुल 44 धरोहर वर्ल्ड हेरिटेज लिस्ट में शामिल हो गई हैं।

## गणेशोत्सव अब महाराष्ट्र का राज्य उत्सव घोषित

गणेशोत्सव को अब महाराष्ट्र का राजकीय उत्सव घोषित किया गया है। सांस्कृतिक कार्य मंत्री आशीष शेलार ने विधानसभा में यह घोषणा करते हुए कहा कि महाराष्ट्र में सार्वजनिक गणेशोत्सव की शुरुआत 1893 में लोकमान्य तिलक ने की थी। यह उत्सव सामाजिक, राष्ट्रीय और भाषाई गौरव से गहराई से जुड़ा हुआ है, और आज भी वही भावना इसके पालन में दिखाई देती है।

## पारंपरिक ज्ञानः ई-लाइब्रेरी वाला पहला देश बना भारत

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने पारंपरिक चिकित्सा में एआई के उपयोग पर तकनीकी रिपोर्ट जारी की है। संगठन ने माना है कि भारत ने पारंपरिक चिकित्सा और एआई को जोड़ने की दिशा में दुनिया को राह दिखाई है। भारत की पारंपरिक ज्ञान डिजिटल लाइब्रेरी को डब्ल्यूएचओ ने वैश्विक मॉडल बताया है।

## इसरो ने गगनयान प्रणोदन प्रणाली का सफल परीक्षण किया




भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने अपने महत्वाकांक्षी गगनयान मिशन की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए सर्विस मॉड्यूल प्रणोदन प्रणाली (SMPS) का सफल परीक्षण किया है। इसरो ने एसएमपीएस के दो अल्पकालिक 'हॉट टेस्ट' (ताप परीक्षण) 3 जुलाई को महेंद्रगिरी स्थित प्रोपल्शन कॉम्प्लेक्स में किए। इसरो के अनुसार, इन परीक्षणों से गगनयान मिशन की अंतरिक्ष उड़ान की तैयारियों को गति मिलेगी। हॉट टेस्ट क्रमशः 30 सेकंड और 100 सेकंड की अवधि के लिए किए गए, जिनमें प्रणोदन प्रणाली के प्रदर्शन और विश्वसनीयता की पुष्टि हुई।

## डीआरडीओ-वायुसेना ने किया 'अस्त्र' मिसाइल का सफल परीक्षण

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) तथा भारतीय वायुसेना ने हवा से हवा में मार करने वाली बियॉन्ड विजुअल रेंज एयर-टू-एयर मिसाइल (BVRAM) 'अस्त्र' का सफल परीक्षण किया। स्वदेशी 'रेडियो फ्रीक्वेंसी (RF) लक्ष्य खोजक से युक्त 'अस्त्र' का परीक्षण ओडिशा तट के पास भारतीय फाइटर जेट सुखोई-30 MKI से किया गया।

## पहली बार महिला के हाथों में हिंदुस्तान यूनिलीवर की कमान

प्रिया नायर ने मेहनत, समर्पण और नेतृत्व क्षमता के दम पर इतिहास रच दिया है। वे हिंदुस्तान यूनिलीवर की पहली महिला सीईओ और एमडी बनेंगी। यह नियुक्ति न सिर्फ उनके शानदार करियर की पहचान है, बल्कि यह भारतीय कॉरपोरेट जगत में महिलाओं की बढ़ती भूमिका और संभावनाओं का भी प्रतीक है।

## डीजीसीए ने उड़ान प्रशिक्षण संगठनों के लिए 'रैंकिंग' प्रणाली शुरू की

नागर विमानन महानिदेशालय ने देश में पायलट प्रशिक्षण गतिविधियों की गुणवत्ता एवं सुरक्षा में सुधार के प्रयासों के तहत उड़ान प्रशिक्षण संगठनों के लिए 'रैंकिंग' प्रणाली शुरू की है। यह कदम उड़ान प्रशिक्षण संगठनों (एफटीओ) के विमानों से जुड़ी विभिन्न घटनाओं और स्पष्ट खामियों की पृष्ठभूमि में उठाया गया है। डीजीसीए ने बयान में कहा कि 'रैंकिंग' प्रणाली एक अक्टूबर, 2025 से लागू की जाएगी।

## असीम घोष बनाए गए हरियाणा के राज्यपाल




नई दिल्ली, पूर्व नागरिक उड्डयन मंत्री और आंध्र प्रदेश के वरिष्ठ नेता पी. अशोक गजपति राजू गोवा के नए राज्यपाल बनाए गए हैं। वे मौजूदा राज्यपाल पी. एस. श्रीधरन पिल्लई की जगह लेंगे, जो 15 जुलाई 2021 को इस पद पर नियुक्त हुए थे। पश्चिम बंगाल के वरिष्ठ भाजपा नेता असीम घोष को हरियाणा का नया राज्यपाल नियुक्त किया गया है।

## दुनिया के शीर्ष 10 ग्लोबल टैलेंट हब में बेंगलुरु शामिल

दुनिया के प्रमुख टेक टैलेंट हब में भारत का बेंगलुरु शीर्ष 10 शहरों में शामिल हुआ है। कोलियर्स की ताज़ा रिपोर्ट के अनुसार, एशिया-प्रशांत क्षेत्र से बीजिंग और टोक्यो सहित दो अन्य शहर भी इस सूची में हैं। यह रिपोर्ट दुनिया के 200 से अधिक वैश्विक बाजारों का विश्लेषण करने के बाद तैयार की गई है।

# अंतरराष्ट्रीय

## चीन के रोबोट डॉग ने 100 मीटर की दौड़ 13.17 सेकंड में पूरी की



चीन की स्टार्टअप कंपनी 'मिरर मौ' द्वारा बनाए गए रोबोट डॉग 'ब्लैक पैंथर-2' ने 100 मीटर की दौड़ मात्र 13.17 सेकंड में पूरी कर दुनियाभर को चौंका दिया। यह प्रदर्शन बुधन के एथलेटिक्स ट्रैक पर हुआ और चीन के सरकारी चैनल CCTV पर लाइव प्रसारित किया गया। दौड़ के दौरान इसकी अधिकतम रफ्तार 9.7 मीटर/सेकंड रही, जो बोस्टन डायनामिक्स के वाइल्डकैट रोबोट से तेज है। कंपनी जल्द ही गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के लिए आवेदन करेगी। फिलहाल इसका फोकस रिसर्च और डेवलपमेंट पर है।

## वैज्ञानिकों ने खोजी 'फॉसिल गैलेक्सी' 7 अरब वर्षों से नहीं बदली

इटली के वैज्ञानिकों ने 3 अरब प्रकाशवर्ष दूर स्थित एक अनोखी 'फॉसिल गैलेक्सी' की खोज की है, जो पिछले 7 अरब वर्षों से लगभग अपरिवर्तित बनी हुई है। यह आकाशगंगा 'लोकल यूनिवर्स' से बाहर खोजी गई पहली जीवाश्म आकाशगंगा मानी जा रही है। रोम स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर एस्ट्रोफिजिक्स की अंतरराष्ट्रीय टीम ने एरिजोना के लार्ज बाइनाक्युलर टेलीस्कोप की मदद से यह खोज की।

## अमेरिका में स्टूडेंट, टूरिस्ट और वर्क वीजा पर अब 21,500 रुपए अतिरिक्त शुल्क

अमेरिका ने वीज़ा नियमों में बदलाव करते हुए स्टूडेंट, टूरिस्ट (B-1/B-2), वर्क (H-1B) और एक्सचेंज (J) वीज़ा आवेदकों के लिए 21,500 की 'इंटीग्रिटी फीस' अनिवार्य कर दी है। यह एक तरह की सुरक्षा जमा राशि (सिक्योरिटी डिपॉजिट) होगी, जिसे शर्तों के अनुसार वापस किया जा सकेगा। यह नया नियम 2026 से लागू होगा और हर वर्ष महंगाई दर के अनुसार इसका पुनर्निरीक्षण किया जाएगा। डिप्लोमैटिक वीज़ा धारकों को इस शुल्क से छूट दी गई है। यह निर्णय वीज़ा धोखाधड़ी और अवैध आव्रजन को रोकने के उद्देश्य से लिया गया है।

## बुल्गारिया यूरो अपनाने वाला 21 वां सदस्य बनेगा

बुल्गारिया को 1 जनवरी 2026 से यूरो को आधिकारिक मुद्रा के रूप में अपनाने की स्वीकृति मिल गई है। इससे वह यूरोपीय एकल मुद्रा क्षेत्र का 21वां सदस्य बन जाएगा। 64 लाख की आबादी वाला यह देश करीब 19 वर्षों बाद लेव से यूरो में परिवर्तन करेगा। प्रधानमंत्री रोसेन जेलियाज़कोव ने इसे ऐतिहासिक क्षण बताते हुए सभी सहयोगियों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि सरकार नागरिकों के हित में इस बदलाव को सुचारू और प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## आग की लपटों में 1,450 फीट बाइक चलाकर बनाया रिकॉर्ड

फ्रांस में 41 वर्षीय प्रोफेशनल फायर फाइटर और शौकिया स्टंटमैन जोनाथन वेरो ने स्वयं को आग लगाकर 1,450 फीट तक बाइक चलाई और एक नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बना लिया। यह रिकॉर्ड 'पूर्ण शरीर में अग्निसंयोजन के साथ सबसे लंबी दूरी तक बाइक चलाने' के लिए दर्ज किया गया है।

## चिप बनाने वाली कंपनी एनवीडिया का मार्केट कैप 4 ट्रिलियन

सेमीकंडक्टर चिप बनाने वाली अमेरिका की कंपनी एनवीडिया एक बार फिर दुनिया की सबसे वैल्यूएबल कंपनी बन गई है। 9 जुलाई को कंपनी के शेयर में 2% से ज्यादा की तेजी देखने को मिली है। जिसके चलते कंपनी का मार्केट कैप पहली बार बढ़कर 4 ट्रिलियन डॉलर (करीब 343 लाख करोड़ रुपए) पर पहुंच गया है। कारोबार के दौरान कंपनी के शेयर ने 164.42 डॉलर (14,091 रुपए) का ऑल टाइम हाई भी बनाया।

## भारत 2025 तक दुनिया के शीर्ष 10 तकनीकी बाजारों में होगा शामिल

कोलियर्स की रिपोर्ट के अनुसार, बेंगलुरु और हैदराबाद जैसे भारतीय शहर एशिया-प्रशांत क्षेत्र में तकनीकी प्रतिभा के केंद्र बन चुके हैं। भारत की तकनीकी प्रतिभा, एशिया-प्रशांत क्षेत्र की कुल तकनीकी शक्ति का 69% योगदान करती है। 2025 की पहली छमाही में भारतीय शहरों में 1 करोड़ वर्ग फुट से अधिक कार्यालय स्थान लीज पर लिया गया। वैश्विक कंपनियों के लिए भारत लागत दक्षता, नवाचार और कुशल जनशक्ति के कारण एक पसंदीदा गंतव्य बनता जा रहा है। वैश्विक क्षमता केंद्रों (GCC) के विस्तार में भी भारत प्रमुख भूमिका निभा रहा है।

## भारत में स्टारलिंक की सेवाएं शुरू करने की मिली अनुमति

भारत के अंतरिक्ष नियामक इन-स्पेस ने अमेरिकी उद्योगपति एलन मस्क द्वारा संचालित 'स्टारलिंक' को देश में उपग्रह-आधारित इंटरनेट सेवाएं प्रदान करने के लिए लाइसेंस जारी किया है। इससे कंपनी के लिए भारतीय बाजार में प्रवेश की नियामकीय बाधा समाप्त हो गई है। स्टारलिंक की सेवाओं से भारत में बिना मोबाइल टावर के भी इंटरनेट कनेक्टिविटी और कॉलिंग की सुविधा संभव हो सकेगी। इससे ग्रामीण और दुर्गम क्षेत्रों में हाई-स्पीड इंटरनेट की सुविधा मिलना आसान होगा।

## रिसर्चः दिमाग की उम्र बताएगी आपके स्वास्थ्य और लंबी आयु का राज

स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने एक अनोखा रक्त परीक्षण विकसित किया है, जो शरीर की जैविक उम्र बताता है। यह उम्र जन्मतिथि पर नहीं, बल्कि शरीर के 11 अंगों की आंतरिक सेहत पर आधारित होती। दिमाग, दिल, फेफड़े, लिवर, किडनी, मांसपेशियां, आंत, फैट टिशू, आर्टरी, इम्यून सिस्टम और पेंक्रियाज से जुड़े प्रोटीनों की जांच कर यह परीक्षण अनुमान लगाता है कि व्यक्ति कितनी तेजी से उम्र बढ़ा रहा है और भविष्य में किन बीमारियों की संभावना हो सकती है।

## अमेरिका ने बनाई दुनिया की सबसे सटीक एटॉमिक घड़ी

अमेरिका ने सबसे सटीक ऑप्टिकल एटॉमिक घड़ी तैयार की है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ स्टैंडर्ड्स एंड टेक्नोलॉजी (एनआईएसटी) ने यह घड़ी बनाई है, जो समय को इतनी बारीकी से मापती है कि वह एक सेकंड को 19वें दशमलव तक का समय दर्ज कर सकती है। यह अब तक की सबसे सटीक घड़ी है, जो पहले के रिकॉर्ड से 41% ज्यादा सटीक और 2.6 गुना ज्यादा स्थिर है। 20 साल की मेहनत से बनी यह घड़ी एक एल्युमिनियम आयन की कंपन गति को मापकर समय तय करती है।

# खेल / कला

## भारत की महिला क्रिकेट टीम ने रचा इतिहास, टी20 सीरीज पर कब्जा

12 जुलाई को बर्मिंघम के एजबेस्टन मैदान पर भले ही भारत को पांचवें टी20 मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा हो, लेकिन पूरी सीरीज की बात करें तो टीम इंडिया ने 3-2 से सीरीज जीत ली। इस जीत के साथ भारतीय महिला टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ पहली बार टी20 अंतरराष्ट्रीय (टी20आई) सीरीज अपने नाम की है। इससे पहले दोनों टीमों के बीच कुल छह द्विपक्षीय टी20 सीरीज खेली गई थीं और हर बार भारत को हार झेलनी पड़ी थी। 2006 में भारत ने इंग्लैंड को डर्बी में हराया था, लेकिन वह केवल एक मैच की सीरीज थी। करीब 18 साल बाद, भारत ने इंग्लैंड की सरजमीं पर सीरीज जीतकर एक बड़ी उपलब्धि दर्ज की है।

## दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए रायपुर में पैरा कैनो वर्कशॉप

छत्तीसगढ़ में पहली बार दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए दो दिवसीय पैरा कैनो वर्कशॉप का आयोजन रायपुर में हुआ। बूढ़ा तालाब व इंडोर स्टेडियम में हुई इस कार्यशाला में खिलाड़ियों को तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया। अर्जुन पुरस्कार विजेता प्राची यादव व मनीष कौरव ने खिलाड़ियों का परीक्षण किया। चयनित खिलाड़ियों को अब भोपाल में अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण मिलेगा। प्रशिक्षकों ने खिलाड़ियों की तत्परता को सराहा ।

## वैभव सूर्यवंशी ने तोड़ा पाक खिलाड़ी का रिकॉर्ड

वैभव सूर्यवंशी ने आईपीएल 2025 में शानदार प्रदर्शन किया था, और इसके बाद इंग्लैंड अंडर-19 क्रिकेट टीम के खिलाफ 5 मैचों की वनडे सीरीज में उन्होंने एक बार फिर खुद को साबित किया। इस सीरीज में वैभव की बल्लेबाजी ने यह स्पष्ट कर दिया कि वह लंबी रेस के घोड़े हैं। आयुष महात्रे की कप्तानी में भारत अंडर-19 टीम ने इंग्लैंड को वनडे सीरीज में 3-2 से हराया, और वैभव इस सीरीज के स्टार खिलाड़ी बनकर उभरे। महज 14 साल की उम्र में वैभव ने 5 मैचों में 71 की औसत और 174.01 के स्ट्राइक रेट से कुल 355 रन बनाए। इसमें एक शतक और एक अर्धशतक भी शामिल था।

## ICC टेस्ट रैंकिंग में पहली बार गिल शीर्ष-6 बल्लेबाजों में शामिल

भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल पहली बार ICC टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष छह में पहुंचे हैं। 15 स्थान की छलांग लगाकर यह मुकाम हासिल किया। यह टेस्ट क्रिकेट में गिल की अब तक की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। एजबेस्टन टेस्ट में गिल ने 269 और 161 रन की दो शानदार पारियां खेलीं, जिसका उन्हें सीधा लाभ मिला। बल्लेबाजों की शीर्ष दस रैंकिंग में तीन भारतीय शामिल हैं - यशस्वी जायसवाल चौथे, शुभमन गिल छठे और ऋषभ पंत सातवें स्थान पर हैं।

## हरियाणा के संजय कालीरावणा इंडियन हॉकी के कैप्टन बने



हरियाणा के हिसार के संजय कालीरावणा को हॉकी इंडिया "ए" टीम का कैप्टन बनाया गया है। संजय कालीरावणा पूर्व खेल मंत्री संदीप सिंह के बाद दूसरे हरियाणवी हैं, जिन्हें हॉकी में बतौर कैप्टन देश का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा।

## कॉर्टस कैफर का टी20 क्रिकेट में ऐतिहासिक कारनामा, 5 गेंदों में 5 विकेट

आयरलैंड के ऑलराउंडर कॉर्टस कैफर पुरुष टी20 क्रिकेट में लगातार 5 गेंदों में 5 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बन गए हैं। यह रिकॉर्ड इंटर-प्रोविंशियल टी20 ट्रॉफी में मन्स्टर रेड्स की ओर से खेलते हुए बना। उन्होंने 2.3 ओवर में 16 रन देकर 5 विकेट हासिल किए। विपक्षी टीम नॉर्थ-वेस्ट वॉरियर्स 189 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मात्र 88 रन पर सिमट गई।

## आर्चरीः वर्ल्ड कप स्टेज-4 में भारत की महिला कंपाउंड टीम को रजत पदक

मैड्रिड, स्पेन में जारी आर्चरी वर्ल्ड कप स्टेज-4 में भारत ने पहला पदक जीत लिया है। भारत को महिला कंपाउंड टीम स्पर्धा में रजत पदक प्राप्त हुआ। ज्योति वेनेम, परनीत कौर और 16 वर्षीय पृथिका प्रदीप की टीम फाइनल में ताइवान के खिलाफ 170-169 से आगे चल रही थी। हालांकि, अंत में भारतीय टीम को 227-225 के स्कोर से करीबी हार का सामना करना पड़ा। ताइवान ने अंतिम एंड में 58 का परिपूर्ण स्कोर किया, जबकि भारतीय टीम केवल 55 अंक ही जुटा सकी।

## चेल्सी ने दूसरी बार FIFA क्लब वर्ल्ड कप जीता

चेल्सी ने दूसरी बार FIFA क्लब वर्ल्ड कप का खिताब जीत लिया है। टीम ने 13 जुलाई को न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में खेले गए फाइनल में फ्रेंच क्लब पेरिस सेंट जर्मेन (PSG) को 3-0 से हराया। इससे पहले चेल्सी ने 2021 में भी खिताब अपने नाम किया था। इस बार यह टूर्नामेंट अलग फॉर्मेट में खेला गया। इसमें 32 टीमों ने हिस्सा लिया और इसकी शुरुआत 14 जून को हुई थी। 2000 में शुरू हुए इस टूर्नामेंट में पिछले साल तक 8 टीमें ही हिस्सा लेती थी।

## यानिक सिनर ने पहला विम्बलडन खिताब जीता

शीर्ष रैंकिंग खिलाड़ी यानिक सिनर ने पुरुष एकल के फाइनल में पिछले दो बार के गत चैंपियन कार्लोस अल्काराज को हराकर पहला विम्बलडन और चौथा ग्रैंड स्लैम खिताब जीता। इस तरह इटली के खिलाड़ी सिनर ने पांच हफ्ते पहले हुए फ्रेंच ओपन के ऐतिहासिक फाइनल के नतीजे को भी बदल दिया। अब सिनर दूसरी रैंकिंग पर काबिज स्पेनिश खिलाड़ी अल्काराज से कुल ग्रैंड स्लैम खिताब से एक कदम दूर हैं।

## हरिकृष्णन बने भारत के नए ग्रैंडमास्टर

दिग्गज विश्वनाथन आनंद 1984 में देश के पहले ग्रैंडमास्टर बने थे और आज 41 साल में भारत के 87 शतरंज खिलाड़ी यह मुकाम हासिल कर चुके हैं। चौबीस साल के हरिकृष्णन ए रा ने फ्रांस के ला प्लेन अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव में अपना तीसरा ग्रैंडमास्टर नॉर्म हासिल किया और देश के 87वें ग्रैंडमास्टर बने। श्रीहरि एल आर भारत के 86वें ग्रैंडमास्टर थे और अब हरिकृष्णन ने यह उपलब्धि हासिल की है। चेन्नई के हरिकृष्णन ने अपना पहला ग्रैंडमास्टर नॉर्म 2018 में हासिल किया था और फिर स्पेन में आंदुजार ओपन में दूसरा नॉर्म हासिल किया और चंद दिनों में तीसरा नॉर्म भी हासिल कर लिया।

# कार्यालय, आयुक्त,
# आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग
## :: संचालनालय ::

**ब्लॉक-डी, भूतल इन्द्रावती भवन नवा रायपुर अटल नगर (छ०ग०)**

क्रमांक/आदि०यो०/04/2025-26/5089 नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 11-7-2025

**डॉ० भंवर सिंह पोर्ते, आदिवासी सेवा सम्मान**
**वर्ष 2025 के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित करने हेतु विज्ञप्ति**

छत्तीसगढ़ राज्य में आदिवासियों की सेवा एवं उनके आर्थिक उत्थान के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाली किसी एक स्वैच्छिक संस्था को सम्मानित कर प्रोत्साहित करने के लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा डॉ० भंवर सिंह पोर्ते, की स्मृति में प्रदेश स्तर का सम्मान स्थापित किया गया है। इस हेतु स्वैच्छिक संस्थाओं से वर्ष 2025 हेतु प्रविष्टियां आमंत्रित है।

2. **सम्मान का स्वरूप :-**
उक्त सम्मान के अंतर्गत रूपये दो लाख नगद राशि एवं प्रतीक चिन्ह युक्त प्रशस्ति पटि्टका दी जाएगी।

3. **आवेदन/प्रविष्टियां भेजने की समयावधि :-**

3.1 पुरस्कार के लिए आवेदन पत्र/प्रविष्टियां, समाज सेवी संस्था द्वारा बंद लिफाफे में स्वयं उपस्थित होकर अथवा डाक द्वारा दिनांक 12.08.2025 सांय. 5:00 बजे तक कार्यालय, सचिव, छ०ग०राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग, शहीद भगत सिंह चौक शंकर नगर रोड पुराना लोक सेवा आयोग परिसर ब्लाक-ए रायपुर छ.ग. में प्रस्तुत किया जा सकता है। उक्त निर्धारित तिथि एवं समयावधि पश्चात, प्राप्त प्रविष्टि/आवेदन पर विचार किया जाना संभव नही होगा। डाक संबंधी विलंब के लिए यह कार्यालय उत्तरदायी नही होगा।

3.2 योजना नियमावली विभागीय वेबसाईट www.cgtribal.gov.in पर उपलब्ध है।

3.3 प्रविष्टियां/आवेदन पत्र के लिफाफे पर डॉ० भंवर सिंह पोर्ते, आदिवासी सेवा सम्मान वर्ष 2025 अंकित होना चाहिए।

**प्रविष्टियां/आवेदन के मापदण्ड**

4. सम्मान के लिए प्रविष्टियां / आवेदन निम्नांकित अपेक्षाओं की पूर्ति करते हुए प्रस्तुत किए जा सकते है :-
1. संस्था का पूर्ण परिचय
2 आदिवासियों की सेवा करने तथा उनके उत्थान के लिए संस्था द्वारा किये गये कार्यों की सप्रमाण विस्तृत जानकारी ।
3. यदि कोई अन्य पुरस्कार प्राप्त किया हो तो उसका विवरण ।
4. सामाजिक आर्थिक व शैक्षणिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य तथा इनके सैद्धांतिक पक्ष के विषय में प्रकाशित साहित्य की फोटो प्रति (सत्यापित)
5. आदिवासियों की सेवा करने तथा उनके उत्थान के क्षेत्र में उसके उत्कृष्ट कार्य के संबंध में प्रख्यात पत्र/पत्रिकाओं / ग्रंथ के माध्यम से उपलब्ध साहित्य ।
6. संस्था के निरंतर एवं निर्विवाद होने के बारे में जिलाध्यक्ष का नवीनतम (ताजा) प्रमाण पत्र।
7 . चयन होने की दशा में सम्मान ग्रहण करने के बारे में संस्था की सहमति ।
8. जूरी अथवा उसके किसी सदस्य अथवा प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा संस्था के कार्यों के प्रत्यक्ष आंकलन के संबंध में सहमति ।
9. चयन के लिए नियमों में निर्दिष्ट मानदण्डों के अलावा कोई और शर्ते लागू नही होगी।
10. एक बार चयन नहीं होने का अभिप्राय यह नहीं होगा कि संबंधित संस्था का कार्य दोबारा पुरस्कार हेतु विचारणीय नहीं हैं।
11. प्रविष्टि में अंतर्निहित तथ्यों / जानकारी के अलावा अन्य पश्चातवर्ती पत्र व्यवहार पर पुरस्कार के संबंध में कोई विचार नहीं किया जायेगा ।
12. प्रविष्टि में दिये गये तथ्यों / निष्कर्षों / प्रमाणों का सम्पूर्ण उत्तरदायित्व प्रविष्टिकर्ता का रहेगा। इस मामले में राज्य शासन किसी भी विवाद में पक्ष नहीं माना जायेगा ।
13. संस्था को आवेदन में इस आशय की अण्डरटेकिंग देना होगा कि ज्यूरी अथवा उसके किसी भी सदस्य अथवा प्राधिकृत संस्था द्वारा संस्था के कार्य का प्रत्यक्ष आंकलन किया जा सकता है। तथा इस हेतु वे (संस्था) सहमत हैं। इसी प्रकार चयन होने की दशा में सम्मान ग्रहण करने की सहमति देनी होगी।

(डॉ. सारांश मित्तल)
आयुक्त
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
नवा रायपुर अटल नगर (छ०ग०)

**आर.ओ.88/जी-252602167.3**

# कार्यालय, आयुक्त,
# आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग
## :: संचालनालय ::

**ब्लॉक-डी, भूतल इन्द्रावती भवन नवा रायपुर अटल नगर (छ०ग०)**

क्रमांक/आदि०यो०/03/2025-26/5092 नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 11-7-2025

**गुरु घासीदास सामाजिक चेतना एवं अनुसूचित जाति उत्थान सम्मान**
**वर्ष 2025 के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित करने हेतु विज्ञापन**

छत्तीसगढ़ राज्य में सामाजिक चेतना जागृत करने तथा अनुसूचित जाति के उत्थान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले एक व्यक्ति या एक स्वैच्छिक संस्था को सम्मानित कर प्रोत्साहित करने के लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा गुरु घासीदास की स्मृति में प्रदेश स्तर का सम्मान प्रदान किया जाता है। वर्ष 2025 हेतु प्रविष्टियां आमंत्रित है।

1/ **सम्मान का स्वरूप :-**
उक्त सम्मान के अंतर्गत रूपये दो लाख नगद राशि एवं प्रतीक चिन्ह युक्त प्रशस्ति पटि्टका दिये जाने का प्रावधान है। सम्मान की नगद राशि एक व्यक्ति / संस्था को दी जा सकती है।

2/ **आवेदन/प्रविष्टयां भेजने की समयावधि तथा स्थल :-**

2.1 पुरस्कार के लिए आवेदन पत्र/प्रविष्टियां समाज सेवी व्यक्ति / संस्था द्वारा बंद लिफाफे में स्वयं उपस्थित होकर अथवा डाक द्वारा दिनांक 12.08.2025 सायं 05:00 बजे तक कार्यालय सचिव, छ.ग. अनुसूचित जाति आयोग शहीद भगत सिंह चौक शंकर नगर रोड पुराना लोक सेवा आयोग परिसर रायपुर छ.ग. में प्रस्तुत किया किया जायेगा। उक्त तिथि को निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त प्रविष्टि /आवेदन पर विचार किया जाना संभव नही होगा। डाक संबंधी विलंब के लिए यह कार्यालय उत्तरदायी नहीं होगा।

2.2 नियम की प्रति विभागीय वेबसाईट www.cgtribal.gov.in पर उपलब्ध है।

2.3 प्रविष्टियां / आवेदन पत्र के लिफाफे पर गुरु घासीदास स्मृति सम्मान वर्ष 2025 अंकित होना चाहिए।

3/ **प्रविष्टियां/आवेदन एवं चयन की प्रक्रिया के मापदण्डः-**
सम्मान के लिए प्रविष्टियां / आवेदन निम्नांकित अपेक्षाओं की पूर्ति करते हुए प्रस्तुत किए जा सकते है :-
1. व्यक्ति / संस्था का पूर्ण परिचय।
2. अनुसूचित जाति के लोगों में सामाजिक चेतना जागृत करने तथा उनके उत्थान के लिए किये गये कार्यों को सप्रमाण विस्तृत जानकारी।
3. यदि कोई अन्य पुरस्कार प्राप्त किया हो तो उसका विवरण।
4. सामाजिक आर्थिक व शैक्षणिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य तथा इनके सैद्धांतिक पक्ष के विषय में प्रकाशित साहित्य की फोटो प्रति (सत्यापित)।
5. अनुसूचित जाति के लोगों में सामाजिक चेतना जागृत करने तथा उनके उत्थान के क्षेत्र में उसके उत्कृष्ट कार्य के संबंध में प्रख्यात पत्र/पत्रिकाओं / ग्रंथ के माध्यम से उपलब्ध साहित्य।
6. व्यक्ति/संस्था के निरंतर एवं निर्विवाद होने के बारे में जिलाध्यक्ष का नवीनतम (ताजा) प्रमाण पत्र।
7. चयन होने की दशा में सम्मान ग्रहण करने के बारे में व्यक्ति / संस्था की सहमति।
8. ज्यूरी अथवा उसके किसी सदस्य अथवा प्राधिकृत व्यक्ति / संस्था द्वारा व्यक्ति / संस्था के कार्यों के प्रत्यक्ष आकलन के संबंध में सहमति।
9. चयन के लिये नियमों में निर्दिष्ट मापदण्डों के अलावा कोई और शर्ते लागू नहीं होगी।
10. एक बार चयन नहीं होने का अभिप्राय यह नहीं होगा कि संबंधित व्यक्ति / संस्था का कार्य दोबारा पुरस्कार हेतु विचारणीय नही हैं।
11. प्रविष्टि में अंतर्निहित तथ्यों / जानकारी के अलावा अन्य पश्चातवर्ती पत्र व्यवहार पर पुरस्कार के संबंध में कोई विचार नहीं किया जावेगा।
12. प्रविष्टि में दिये गये तथ्यों / निष्कर्षों / प्रमाणों का सम्पूर्ण उत्तरदायित्व प्रविष्टिकर्ता का रहेगा। इस मामलें में राज्य शासन किसी भी विवाद में पक्ष नहीं माना जायेगा।
13. संस्था/व्यक्ति को आवेदन में इस आशय की अण्डरटेकिंग देना होगा कि ज्यूरी अथवा उसके किसी भी सदस्य अथवा प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा संस्था/व्यक्ति के कार्यों का प्रत्यक्ष आंकलन किया जा सकता है। इस हेतु वे (संस्था / व्यक्ति) सहमत है। इसी प्रकार चयन होने की दशा में सम्मान ग्रहण करने की सहमति देनी होगी।

(डॉ. सारांश मित्तल)
आयुक्त
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
नवा रायपुर अटल नगर (छ०ग०)

**आर.ओ.89/जी-252602169.3**

# कार्यालय, आयुक्त,
# आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग
## :: संचालनालय ::

**ब्लॉक-डी, भूतल इन्द्रावती भवन नवा रायपुर अटल नगर (छ०ग०)**

क्रमांक/आदि०यो०05/2025-26/5067 नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 11-7-2025

**शहीद वीर नारायण सिंह स्मृति सम्मान वर्ष 2025**
**के लिए प्रविष्टियां आमंत्रण हेतु विज्ञप्ति**

छत्तीसगढ़ राज्य में आदिवासी सामाजिक चेतना जागृत करने तथा उनके उत्थान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले एक व्यक्ति को सम्मानित कर प्रोत्साहित करने के लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा शहीद वीर नारायण सिंह की स्मृति में प्रदेश स्तर का सम्मान स्थापित किया गया है। वर्ष 2025 हेतु प्रविष्टियां आमंत्रित है।

1. **सम्मान का स्वरूप:-**
उक्त सम्मान के अंतर्गत रूपये दो लाख नगद राशि एवं प्रतीक चिन्ह युक्त प्रशस्ति पटिट्का दी जाएगी, सम्मान की नगद राशि एक व्यक्ति को दी जा सकती है।

2. **आवेदन/प्रविष्टियां भेजने की समयावधि :-**

2.1 पुरस्कार के लिए आवेदन पत्र/प्रविष्टियां, समाज सेवी व्यक्ति द्वारा बंद लिफाफे में स्वयं उपस्थित होकर अथवा डाक द्वारा दिनांक 12.08.2025 सायं 05:00 बजे तक सचिव, छ०ग०राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग, शहीद भगत सिंह चौक शंकर नगर रोड पुराना लोक सेवा आयोग परिसर ब्लाक-ए रायपुर छ.ग. में जमा की जायेगी। उक्त तिथि को निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त प्रविष्टि/आवेदन पर विचार किया जाना संभव नही होगा। डाक संबंधी विलंब के लिए यह कार्यालय उत्तरदायी नही होगा।

2.2 योजना नियमावली विभागीय वेबसाईट www.cgtribal.gov.in पर उपलब्ध है।

2.3 प्रविष्टियां/आवेदन पत्र के लिफाफे पर शहीद वीर नारायण सिंह स्मृति सम्मान वर्ष 2025 अंकित होना चाहिए।

3. **प्रविष्टियां/आवेदन के मापदण्ड**
सम्मान के लिए प्रविष्टियां/आवेदन निम्नांकित अपेक्षाओं की पूर्ति करते हुए प्रस्तुत किए जा सकते है :-
1. व्यक्ति का पूर्ण परिचय।
2. आदिवासियों में सामाजिक चेतना जागृत करने तथा उनके उत्थान के लिए किये गये कार्यों का सप्रमाण विस्तृत जानकारी।
3. यदि कोई अन्य पुरस्कार प्राप्त किया हो तो उसका विवरण।
4. सामाजिक आर्थिक व शैक्षणिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य तथा इनके सैद्धांतिक पक्ष के विषय में प्रकाशित साहित्य की फोटो प्रति (सत्यापित)।
5. आदिवासियों में सामाजिक चेतना जागृत करने तथा उनके उत्थान के क्षेत्र में उसके उत्कृष्ट कार्य के संबंध में प्रख्यात पत्र/पत्रिकाओं/ग्रंथ के माध्यम से उपलब्ध साहित्य।
6. व्यक्ति के निरंतर एवं निर्विवाद होने के बारे में जिलाध्यक्ष का नवीनतम (ताजा) प्रमाण पत्र।
7. चयन होने की दशा में सम्मान ग्रहण करने के बारे में व्यक्ति की सहमति।
8. जूरी अथवा उसके किसी सदस्य अथवा प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा व्यक्ति के कार्यों के प्रत्यक्ष आकलन के संबंध में सहमति।
9. चयन के लिये नियमों में निर्दिष्ट मानदण्डों के अलावा कोई और शर्ते लागू नहीं होगी।
10. एक बार चयन नहीं होने का अभिप्राय यह नहीं होगा कि संबंधित व्यक्ति का कार्य दोबारा पुरस्कार हेतु विचारणीय नही हैं।
11. प्रविष्टि में अंतर्निहित तथ्यों/जानकारी के अलावा अन्य पश्चातवर्ती पत्र व्यवहार पर पुरस्कार के संबंध में कोई विचार नहीं किया जावेगा।
12. प्रविष्टि में दिये गये तथ्यों/निष्कर्षो/प्रमाणों का सम्पूर्ण उत्तरदायित्व प्रविष्टिकर्ता का रहेगा। इस मामले में राज्य शासन किसी भी विवाद में पक्ष नहीं माना जायेगा।
13. व्यक्ति को आवेदन में इस आशय की अण्डरटेकिंग देना होगा कि ज्युरी अथवा उसके किसी भी सदस्य अथवा प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा व्यक्ति के कार्यों का प्रत्यक्ष आंकलन किया जा सकता है। इस हेतु वे (व्यक्ति) सहमत हैं। इसी प्रकार चयन होने की दशा में सम्मान ग्रहण करने की सहमति देनी होगी।

(डॉ. सारांश मित्तल)
आयुक्त
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
नवा रायपुर अटल नगर (छ०ग०)

**आर.ओ.90/जी 252602170.3**

# ग्रामोद्योग संचालनालय (हाथकरघा)

**चतुर्थ तल, ब्लॉक-ए, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर 490002 (छ.ग.)**
**फोन एवं फैक्स नं.- 0771-2511766 email-handloomraipur@gmail.com**

**डिप्लोमा इन हैण्डलूम एण्ड टेक्सटाईल टेक्नोलॉजी के**
**त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश तिथि में वृद्धि हेतु संक्षिप्त विज्ञापन**

भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान चाम्पा/बरगढ़ में त्रिवर्षीय पाठ्क्रम डिप्लोमा इन हैण्डलूम एण्ड टेक्सटाईल टेक्नोलॉजी में प्रवेश हेतु विज्ञापन क्रमांक 252600942 दिनांक 16.05.2025 के माध्यम से विज्ञापन जारी किया गया था, जिसके लिये प्रवेश की अंतिम तिथि 30.06.2025 निर्धारित थी। निर्धारित समय अवधि में अपर्याप्त संख्या में आवेदन प्राप्त होने के कारण उक्त पाठ्यक्रम के प्रथम सेमेस्टर हेतु चांपा संस्थान की 13 रिक्त सीट तथा Lateral Entry के माध्यम से सीधे तृतीय सेमेस्टर में प्रवेश के लिये चांपा संस्थान की 18 रिक्त सीट एवं बरगढ़ संस्थान की 01 रिक्त सीट में प्रवेश के लिये इच्छुक अभ्यर्थियों से पहले आओ पहले पाओ के आधार पर दिनांक 31.07.2025 को सायं 5:00 बजे तक आवेदन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन पत्र वेबसाईट www.iihtchampa.org.in से डाउनलोड कर या सीधे संस्थान में उपस्थित होकर प्राचार्य, भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान, मड़वा प्लांट रोड, लछनपुर चौक, चाम्पा, जिला जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.) 495669 में जमा कर सकते है। अधिक जानकारी के लिये कार्यालयीन समय में मो. नं. 70490-46588 पर संपर्क किया जा सकता है।

संयुक्त संचालक
ग्रामोद्योग संचालनालय हाथकरघा
छत्तीसगढ़ रायपुर

**आर.ओ.91/जी 252602138.3**

# राज्य बाल संरक्षण समिति, छत्तीसगढ़
# संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग

**इन्द्रावती भवन, ब्लॉक 01, द्वितीय तल, नवा रायपुर, अटल नगर (छ०ग०)**
**दूरभाष क्रमांक 0771-2234192, 2234188 (Fax) email: dirwcd@nic.in**

**// दावा आपत्ति प्रकाशन //**

**मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत राज्य स्तरीय चाईल्ड हेल्पलाईन के रिक्त संविदा पदों पर नियुक्ति के संबंध में प्रसारित विज्ञापन दिनांक 27.11.2024 पर पात्र/अपात्र सूची का प्रकाशन व दावा आपत्ति का आमंत्रण**

मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत राज्य स्तरीय चाईल्ड हेल्पलाईन के रिक्त संविदा पदों पर नियुक्ति के लिए दिनांक 27.11.2024 को विज्ञापन क्र. 10487 द्वारा विज्ञापन जारी किया गया था। जारी विज्ञापन के अनुक्रम में प्राप्त आवेदनों के प्रारंभिक परीक्षण उपरांत निम्नानुसार पदों के लिए पात्र/अपात्र आवेदको की सूची तैयार की गई है :-

| क्र. | पदनाम | कुल पदों की संख्या | प्राप्त कुल आवेदनों की संख्या | पात्र अभ्यर्थियों की संख्या | अपात्र अभ्यर्थियों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हेल्पलाईन एडमिनिस्ट्रेटर | 1 | 464 | 32 | 432 |
| 2 | कॉल आपरेटर | 12 | 1031 | 39 | 992 |
| 3 | आईटी सुपरवाईजर | 1 | 808 | 546 | 262 |
| 4 | मल्टी पर्पज स्टाफ | 3 | 856 | 186 | 670 |
| 5 | सुरक्षा गार्ड / रात्रिकालीन गार्ड | 3 | 151 | 22 | 129 |
| | योग | 20 | 3310 | 825 | 2485 |

प्रारंभिक सूची छत्तीसगढ़ शासन www.cgstate.gov.in तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के पोर्टल/कार्यालय में उपलब्ध है। इस संबंध में कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना चाहते है तो दिनांक 25 जुलाई 2025 तक उपयुक्त अभिकथन व दस्तावेजों के साथ संचालनालय, महिला एवं बाल विकास विभाग इन्द्रावती भवन द्वितीय तल, ब्लॉक ए नवा रायपुर में आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।

(पदुम्न सिंह एल्मा)
संचालक
महिला एवं बाल विकास विभाग
एवं सचिव, राज्य बाल संरक्षण समिति
नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)

**आर.ओ.92/जी 252602205.5**

# कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला-गरियाबंद (छ.ग.)

**Phone No. 07706-241445 Email: nrhmgariyaband@yahoo.in, Cmogariaband@yahoo.in**

क्रमांक/एन.एच.एम./संविदा भर्ती/2025/16098 गरियाबंद, दिनांक 08/07/2025

मिशन संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, रायपुर (छ.ग.) का पत्र कमांक / एनएचएम / एचआर/2024/1065/2024 नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 04.11.2024, Letter No./NHM/PROJ-4107/6/2025-Section (NIM)/201 Date 17.04.2025, पत्र क्रमांक/NUHM/2023/1787/5584 नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 29.3.2023, संचालक, स्वास्थ्य सेवायें सह परियोजना संचालक, छ.ग. राज्य एड्स नियंत्रण समिति, रायपुर का पत्र क्रमांक / एड्स/आई.सी.टी.सी./2020-21/1011 रायपुर, दिनांक 02.02.2021 के परिपालन में जिले में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 की आर.ओ.पी. तथा एनयूएचएम. आईसीटीसी में स्वीकृत एवं रिक्त पदों की संविदा नियुक्ति हेतु आवेदन निर्धारित प्रारूप में दिनांक 08/07/2025 से 28/07/2025 को सायं 05:30 बजे तक कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला-गरियाबंद (छ.ग.) में केवल पंजीकृत डाक/ स्पीड पोस्ट से आमंत्रित किए जाते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात् तथा साधारण डाक, कोरियर, सीधे अथवा अन्य माध्यम से प्राप्त आवेदन पत्रों को स्वीकार नहीं किया जावेगा।

**जिले में विभिन्न स्वीकृत संविदा पदों पर नियुक्ति हेतु निर्धारित अर्हताकारी योग्यता एवं रिक्त पद का श्रेणीवार विवरण निम्नानुसार है:-**

**भाग-अ**

| पद क्र. | पद का नाम | रिक्त पदों की संख्या | श्रेणीवार रिक्त पद श्रेणी UR Open | UR Female | ST Open | ST Female | SC Open | SC Female | OBC Open | OBC Female | Education Qualification / Essential Qualification | Desireable Qualification/ Experience | एकमुश्त वेतनमान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 1 | Nursing Offcer (NHM) | 13 | 4 (2ph) | 1 | 2 | 2 | 1 | 0 | 2 | 1 | BSC. Nursing OR GNM Course Passed & live Registration in chhattisgarh Nursing Registration Council. | – | 16,500/- Per Month |
| 2 | Staff Nurse (ICCU) | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | BSC. Nursing OR GNM Course Passed & live Registration in chhattisgarh Nursing Registration Council. | - | 16,500/- Per Month |
| 3 | Community Nurse (NMHP) | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | बी.एस.सी. नर्सिंग के साथ नर्सिंग काउंसिल में रजिस्टर्ड एवं मानसिक स्वास्थ्य अस्पताल में 02 वर्ष का अनुभव। | - | 16,500/- Per Month |
| 4 | Laboratory Technicians DPHL | 4 | 2 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1. Higher Secondary (10+2) in Biology with BMLT<br>2. (A) Higher Secondary (10+2) in Biology with DMLT<br>(B) Higher Secondary (10+2) in Biology with Paramedical Technician one year certificate Course (CMLT) I-Registration in Paramedical Council of India or Chhattisgarh Paramedical Council)<br>First Preference will be given to BMLT | - | 14,000/- Per Month |
| 5 | Laboratory Technicians -BPHU | 12 | 4 | 1 | 3 | 1 | 1 | 0 | 2 | 0 | D.M.L.T/B.M.L.T/Pathology in Paramedical Course and Registration In CG Paramedical Council | - | 14,000/- Per Month |
| 6 | Radiografer /X-Ray Technician | 4 | 2 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1. 10+12 पद्धति में विज्ञान विषय के साथ 12 वीं उतीर्ण होना चाहिए।<br>2. क्ष किरण तकनीक/रेडियोग्राफर का छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त पैरामेडिकल पाठयक्रम उत्तीर्ण होना चाहिए और<br>3.छ.ग. पैरामेडिकल काउनसिल से रेडियोग्राफर/क्ष- किरण तकनीशियन जीवित पंजीयन होना चाहिए। | - | 15,000/- Per Month |
| 7 | Physio tharapist | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | Bachelor's Degree in Physiotherapy (B.P.T.) | - | 18,000/- Per Month |
| 8 | Dental Surgeon (NHM) | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | MDS With Registration in Chhatisgarh Medical Council is compulsary OR BDS With Registration in Chhatisgarh Medical Council is compulsary | - | 27,500/- Per Month |
| 9 | Dental Assistant | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | Matriculation (12 th Pass) From Recognised Board. | Two years experience in a government dentalcollage/ clininc | 12,000/- Per Month |
| 10 | MO-Ayush (NHM) | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | BHMS/BAMS/BUMS Degree Registration From Any GOI Recognised (BAMS/BHMS/ BUMS) Ayush, Homeo, Unani Registration Board. | – | 25,000/- Per Month |

क्रमशः

